न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS

प्रकरण संख्या : 47/2025
जी.सी.एम.एस नं. : 2025/53

| | | अभियुक्त :– |
|---|---|---|
| राजस्थान राज्य जरिये श्री उम्मेद मल टेलर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज) | बनाम | श्री धर्मेन्द्र जोशी पुत्र श्री जसवन्त जोशी निवासी भवनपुरा, खांदु कोलोनी, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स रॉयल इन्टरप्राईजेज, एच–आई–191, इण्डस्ट्रीयल एरिया ठीकरीया नाका, बांसवाडा |

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 26–08–2025

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री उम्मेद मल टेलर** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **24–07–2025** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **22–04–2025** को 2.30 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स रॉयल इन्टरप्राईजेज, एच–आई–191, इण्डस्ट्रीयल एरिया ठीकरीया नाका, बांसवाडा** पर पहुंचा। इस समय संस्थान पर **श्री धर्मेन्द्र जोशी पुत्र श्री जसवन्त जोशी** उपस्थित थे। **विक्रेता की उपस्थिति में मैसर्स रॉयल इन्टरप्राईजेज, एच–आई–191, इण्डस्ट्रीयल एरिया ठीकरीया नाका, बांसवाडा** का निरीक्षण करने पर परिसर में **Corbonated water orange (RIZZ) 400 पैकेट प्लास्टिक जार, प्रत्येक जार में 250 एम.एल** रखा पाया। जिसको एफ.एस.एस.ए 2006 के तहत देखने पर मानक स्तर का नही होने के शक पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **Corbonated water orange (RIZZ) जार खोलकर 48 बोतल 250 एम.एल** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत 240/– रु. विक्रेता को चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक की। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **पेय पदार्थ Corbonated water orange (RIZZ) 48 बोतल प्रत्येक में 250 एम.एल के 4 के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा का कोड क्रमांक **W-0109** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:40:09 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाडा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

चपडी किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने कब्जे में लिया। एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए / 2025 / 271 दिनांक 04–06–2025** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **514 दिनांक 28–04–2025** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **Corbonated water orange (RIZZ)** का नमुना कोड क्रमांक **W-2109** (Contravence the regulation 7 (1) Schedule -II as per FSS ( Labelling and Disply) Rgulation 2020) पाया गया। विक्रेता द्वारा **पेय पदार्थ Corbonated water orange (RIZZ)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 58 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 25–07–2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

26–08–2025 को अप्रार्थी ने उपस्थित होकर परिवाद में अंकित आरोपो को स्वीकार कर नरमी का रुख अपनाकर न्यूनतम अर्थ दण्ड से दण्डित करने निवेदन किया।

हमने पत्रावली एवं उस पर उपलब्ध दस्तावेजो का अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अप्रार्थी स्वयं द्वारा अपराध स्वीकार किया गया है अतः अन्य किसी साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए / 2025 / 271 दिनांक 04–06–2025** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **514 दिनांक 28–04–2025** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **Corbonated water orange (RIZZ)** का नमुना कोड क्रमांक **W-2109** (Contravence the regulation 7 (1) Schedule

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:40:09 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बॉसवाडा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

-II as per FSS ( Labelling and Disply) Rgulation 2020) के तहत अमानक पाया गया है। इस प्रकार प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः अमानक (Contravence the regulation 7 (1) Schedule -II as per FSS ( Labelling and Disply) Rgulation 2020) पाया गया **पेय पदार्थ Corbonated water orange (RIZZ)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा 58 में निर्धारित है। अतः आरोपी को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री धर्मेन्द्र जोशी पुत्र श्री जसवन्त जोशी निवासी भवनपुरा, खांदु कोलोनी, बांसवाडा (विक्रेता/मालिक) मैसर्स रॉयल इन्टरप्राईजेज, एच–आई–191, इण्डस्ट्रीयल एरिया ठीकरीया नाका, बांसवाडा को 5000/– (अक्षरे रू पाँच हजार मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 26–08–2025 खुले न्यायालय सुनाया गया।

न्याय निर्णयन अधिकारी (अति. जिला कलेक्टर) बांसवाड़ा (राज.)

( अभिषेक गोयल )
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला कलक्टर)
(अति0 जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:40:09 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner